क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANG

I, BABITA DEVI W/O: MANOHAR SAH R/O- Ward no 06, Buttabazar, Kalyani, PO: Kalyani, DIST: Nadia, West Bengal - 741235, have changed the name of my minor son AICHY KUMAR aged 10 years and he shall hereafter be known as ASHISH KUMAR SAH.

I hitherto known as GUMI TIRKI W/O: KARTICK TIRKI, R/O- Ladana Pidi, Jamchua Ulidih, VTC: Jamchuan, PO: Jamchuajaria, Sub District: Namkum, District: Ranchi, State: Jharkhand, PIN Code: 834010, have changed my name and shall hereafter be known as URMILA TIRKEY.

I, RAVI NADIYA S/O: KALIYA NADIYA, R/O- Ramdas Colony, Ward No.16,, Jhabua, Jhabua, Madhya Pradesh - 457661, have changed the name of my minor son NANV BASOUD aged 12 years and he shall hereafter be known as PRATHAM NADIYA.

I hitherto known as SUBEDAR YADAV S/O: INDER DEV YADAV, R/O- # 3569, Mauli Jagran, PO: Mauli Jagran, DIST: Chandigarh, Chandigarh - 160102, have changed my name and shall hereafter be known as KAMESHWAR SINGH

I, ASHOK KUMAR S/O- CHANDRBHAN, R/o- Narayanpur wali, Gonda, Uttar Pradesh- 271123, have changed the name of my minor son VAIBHAV TIWARI, aged 15 years and he shall hereafter be known as VIMLENDRA TIWARI.

I hitherto known as CHEDI S/o- CHAVILAL, R/o- Lauwabirpur, Nawabganj, Gonda, Uttar Pradesh- 271303, have changed my name and shall hereafter be known as CHEDI LAL.

I, UMESH KUMAR SHARMA S/O: SUBHASH SHARMA, R/O- gram-tiwai, post-hatta, Tiwai, PO: Hatta, DIST: Kaimur (Bhabua), Bihar - 821106, have changed the name of my minor daughter Samikshak Umesh Kumar Sharma aged 07 years and she shall hereafter be known as SAMIKSHA KUMARI.

I hitherto known as MEENA DEVI W/O: PRAKASH MANDAL, R/O- basgadha, Parbatta, PO: Sahuparbatta, DIST: Bhagalpur, Bihar - 853204, have changed my name and shall hereafter be known as MANJO DEVI.

NAME CHANG

I hitherto known as ANITA DAS W/O: KALI DAS, R/O- RAJPUR SONARPUR, KALITALA, GARIA STATION ROAD, Rajpur Sonarpur (M), PO: Garia, DIST: South 24 Parganas, West Bengal- 700084, have changed my name and shall hereafter be known as AMITA DAS.

I, PRAVEEN KUMAR JAIN S/O: DEVENDRA KUMAR JAIN, R/O- 138/3, Mahaveer Nagar, Firozabad, PO: Firozabad, DIST: Firozabad, Uttar Pradesh- 283203, have changed the name of my minor son ADISH JAIN aged 13 years and he shall hereafter be known as AADI JAIN

I hitherto Known as REETA DEVI W/O: RAKESH KUMAR, R/O- agaiya, Imaliya Bhanpur, Sitapur, Imiliya Manpur, Uttar Pradesh, 261203, have changed my name and shall hereafter be known as SHRIMATI MALA DEVI.

I hitherto known as BRIJESH YADAV S/O: DEVI PRASAD YADAV, R/O- Tulsipur Majha, PO: Nawabganj, DIST: Gonda, Uttar Pradesh - 271303, have changed my name and shall hereafter be known as RAM TEJ

I hitherto known as REKHA DEVI W/O: SIDHESHWAR SINGH, R/O- karhara, kara, karhara, Kara, PO: Kara, DIST: Aurangabad, Bihar - 824124, have changed my name and shall hereafter be known as BABITA DEVI.

I hitherto known as AMIT KUMAR S/O: ARJUN PRASAD, R/O- Ratanpura, Ratanpur, PO: Daruara, DIST: Nalanda, Bihar - 803101, have changed my name and shall hereafter be known as AMITABH KUMAR.

I hitherto known as SABANA KHATOON D/O: KAMALUDDIN ANSARI, R/O- vill nawada post nawada thana gobindganj, Nawada Govindganj, PO: Areraj, DIST: East Champaran, Bihar - 845411, have changed my name and shall hereafter be known as SABANA KHATUN.

I hitherto known as NITHEETISH KUMAR S/O: RAM GULAM DAS, R/O- PAIMARGHAT, Panwar, PO: Paimarghat, DIST: Patna, Bihar - 804453, have changed my name and shall hereafter be known as NITISH KUMAR

NAME CHANG

I hitherto known as VIVEKANAND KUMAR S/O: NANDKISHOR CHAUDHARY, R/O- Vill PostJamsari, Bind, PO: Bind, DIST: Nalanda, Bihar - 803107, have changed my name and shall hereafter be known as BALMIKI KUMAR.

I hitherto known as MINA DEVI W/O: RAMPRIT RAY, R/O- village keshopur pura, post pokharbhira, p.s. pupri, Keshopur, PO: Janakpur Road, DIST: Sitamarhi, Bihar - 843320, have changed my name and shall hereafter be known as SUSHILA DEVI.

I, ARTI KUMARI S/O: MAHENDRA SHARMA, R/O- Belwa, PO: Belwan, DIST: Rohtas, Bihar - 802217, have changed the name of my minor daughter Pritya Kumari aged 09 years and she shall hereafter be known as PRIYA KUMARI.

I hitherto known as SACHITANAND KUSHWAHA S/O: JAYRAM KUSHWAHA, R/O- balua tola, Harpur Pakri, Maharajganj, Uttar Pradesh - 273163, have changed my name and shall hereafter be known as SANDEEP KUSHWAHA.

I hitherto known as BITTO DEVI RATHORE W/O: RAKESH, R/O- bilalpur, Bilal Pur, Farrukhabad, Uttar Pradesh - 209621, have changed my name and shall hereafter be known as SHANTI.

I, RENU DEVI W/O: ARVIND KUMAR, R/O- p.o. maulanagar, Shahpur Matiyo, PO: Atri, DIST: Gaya, Bihar - 823311, have changed the name of my minor daughter VIDHYANCHAL KUMARI aged 15 years and she shall hereafter be known as VINDYACHAL BHARTI

I hitherto known as ARPIT YADAV S/O: VIRENDRA YADAV R/O- kurhi Po.katena Harsa Makhanpur Makkhanpur Shikohabad Firozabad Uttar Pradesh 205145, have changed my name and shall hereafter be known as AKHIL PRATAP

I hitherto known as MD HEERA S/O: MD DASTGIR, R/O- chirotna, Salaha, Samastipur, Bihar - 848207, have changed my name and shall hereafter be known as Md Ashraf.

NAME CHANG

I hitherto known as RANGITA KUMARI D/O: ASARA PASWAN, R/O- Gram-Bijara, Post-Sabar, Thana- Karamchat, Bijra, PO: Sabar, DIST: Kaimur(Bhabua), Bihar - 821104, have changed my name and shall hereafter be known as RANJITA KUMARI.

I hitherto known as RAVI RANJAN KUMAR S/o- Sudarshan Paswan, R/O- Rampur, PO- Ramchandra Nagar, Dist- Aurangabad, Bihar- 824121, have changed my name and shall hereafter be known as RAJEEV RANJAN.

I hitherto known as NILOFA KHATOON W/O- NAIMUL HAQUE, R/O- baharsal gobindpur, post- Durgapur, VTC: amdabad, PO: amdabad, sub district: amdabad, district: Katihar, state: bihar, pin code: 854112, have changed my name and shall hereafter be known as NEELOFAR KHATOON.

I hitherto known as DIWANKAR KUMAR S/O: MANJU DEVI, R/O- govindpur, Gobindpur, PO: Madarpur, DIST: Khagaria, Bihar- 851213, have changed my name and shall hereafter be known as SAUMIT KUMAR.

I, HIBJUR RAHMAN S/O: NASIM AKHTAR, R/O- Ward No, - 10, Bela Shekh Toli, Post - Bela, Anchal - Ramgarhwa, Bela, PO: Ramgahrwa, DIST: East Champaran, Bihar - 845433, have changed the name of my minor daughter Najibun Nesha aged 07 years and she shall hereafter be known as ALIYA KHATOON.

I hitherto known as RANGITA KUMARI D/O: ASARA PASWAN, R/O- Gram-Bijara, Post-Sabar, Thana- Karamchat, Bijra, PO: Sabar, DIST: Kaimur(Bhabua), Bihar - 821104, have changed my name and shall hereafter be known as RANJITA KUMARI.

खंडहरों से परे: नालंदा की ज्ञान और नवाचार की विरासत

पटना। आधुनिक विश्वविद्यालयों के अस्तित्व में आने से सदियों पहले, बिहार स्थित नालंदा महाबिहार एशिया के प्रमुख शिक्षा केन्द्रों में से एक था। गुप्त काल में विकसित इस संस्थान ने दूर-दराज के क्षेत्रों से विद्वानों को आकर्षित किया और धार्मिक अध्ययन से आगे बढ़कर ज्ञान की एक व्यापक परंपरा को आकार दिया।

नालंदा पांचवी शताब्दी ईस्वी के आसपास फला-फूला और विभिन्न राजवंशों के संरक्षण में विकसित होता रहा। यहां बौद्ध दर्शन, तर्कशास्त्र, व्याकरण, चिकित्सा और ज्ञान की अन्य शाखाओं का अध्ययन किया जाता था। आवासीय कक्षों, अध्ययन स्थलों, मठों और पुस्ताकालयों ने इसे एक सुव्यवस्थित शैक्षणिक केन्द्र का रूप दिया। ऐतिहासिक विवरणों में यहां हजारों छात्रों और शिक्षकों के रहने का उल्लेख मिलता है, हालांकि उनकी सटीक संख्या की पुष्टि करना कठिन हैं। नालंदा का प्रभाव भारत की सीमाओं से बहुत दूर तक फैला था। सातवीं शताब्दी में चीनी बौद्ध विद्वान ह्वेनसांग भारत आये और नालंदा में अध्ययन किया। स्वदेश लौटने पर उन्होंने अनेक बौद्ध ग्रंथों के अनुवाद में योगदान दिया। उनके यात्रा-वृत्तांत नालंदा के बौद्धिक जीवन और दिशया में भारतीय बौद्ध विचारों के प्रसार को समझने के महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। इस प्रकार, नालंदा के विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और विद्वत परंपराओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नालंदा के अवशेषों में दिखाई देने वाली लाल इंटों की संरचनाएं सुनियोजित निर्माण और उन्नत स्थापत्य कौशल का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। मठों के आंगन, आवासीय कक्ष, जलनिकासी की व्यवस्थाएं और धार्मिक भवन एक विशाल शैक्षणिक समुदाय की आवश्यकताओं को दर्शाते हैं। ये अवशेष प्राचीन स्थापत्य और स्थान नियोजन को समझने में मदद करते हैं, हालांकि उन्नत ताप-नियंत्रण या शीतलन प्रणालियों से जुड़े दावों के लिए विशिष्ट पुरातात्विक प्रमाण आवश्यक हैं। नालंदा का संबंध भारत की व्यापक वैज्ञानिक विरासत से भी जोड़ा जाता हैं। हालांकि, गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट का नालंदा से प्रत्यक्ष संबंध निश्चित रूप से प्रमाणित नहीं हैं। नालंदा की वास्तविक उपलब्धियों को समझने के लिए ऐतिहासिक तथ्यों और प्रचलित धारणाओं के बीच अंतर करना आवश्यक हैं।

राजगीर के निकट आधुनिक नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना इस क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास हैं। इसके नए परिसर में सौर ऊर्जा, जल प्रबंधन और ऊर्जा कुशल भवन निर्माण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। ये आधुनिक इंजीनियरिंग की उपलब्धियां है, लेकिन पर्यावरण के अनुरूप भवन निर्माण पर उनका जोर प्राचीन स्थापत्य के अध्ययन से एक सार्थक संबंध स्थापित करता हैं। नालंदा की विरासत केवल उसके खंडहरों से नहीं, बल्कि उस बौद्धिक समुदाय में निहित है, जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। इसका इतिहास बताता है कि शिक्षा विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ सकती हैं, ज्ञान को संरक्षित कर सकती है और पीढ़ियों तक जिज्ञासा को जीवित रख सकती हैं। आज इसका विरासत का सम्मान का सबसे सार्थक तरीका है-तथ्यपरक शोध, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देना।

सुशील कुमार शौर्य

युवाओं-छात्रों की आवाज दबाना चाहती है सरकार

पटना (आससे)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को आईएमए हॉल में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद राहत कादरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, राजनीतिक परिस्थितियों, आर्थिक चुनौतियों और किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान सांगठनिक, राजनीतिक, आर्थिक और कृषि संबंधी चार प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तेज करने, संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता तथा किसानों को खाद, बीज, सिंचाई और फसलों का उचित मूल्य दिलाने की मांग शामिल रही। बैठक को संबोधित करते हुए राहत कादरी ने केंद्र सरकार पर युवाओं, छात्रों और विपक्षी दलों के आंदोलनों को दबाने पर सवाल उठाए। बैठक में कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



रेलवे पुलों में दरारों का पता लगायेगी एआई तकनीक

आईआईटी रुड़की के साथ एनएफआर ने किया समझौता

(आज समाचार सेवा)

पटना। रेलवे के पुराने स्टील पुलों की सुरक्षा और मजबूती सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक तकनीक विकसित की जाएगी। इस दिशा में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 27 अक्टूबर को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;आईआईटीद्धए रुड़की के साथ समझौता ज्ञापन ;एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर किया है। इस परियोजना के तहत स्टील पुलों में मौजूद बारीक और छिपी हुई दरारों का पता लगाने के साथ उनकी बची हुई सेवा अवधि का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इसमें एआईए नॉन.डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग ;एनडीईद्धए मटेरियल टेस्टिंग और आधुनिक स्ट्रक्चरल एनालिसिस का इस्तेमाल होगा। जांच के लिए ड्रोन पर लगे 4के कैमरों से पुलों की हाई.रिजॉल्यूशन तस्वीरें ली जाएंगी। इनका विश्लेषण एआई आधारित टूल श्इन्फ्राडॉकटीश् से किया जाएगा। साथ ही पुलों के वेल्डेड ज्वाइंट और संवेदनशील हिस्सों की प्रयोगशाला में जांच होगी। परियोजना के तहत एक ऐसा सिस्टम विकसित करने की योजना हैए जो पुलों में बढ़ते नुकसान का आकलन कर समय रहते अलर्ट देगा। इससे रेलवे अधिकारियों को मरम्मत और रखरखाव की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी। खासकर 50 वर्ष से अधिक पुराने पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह तकनीक महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

एसईबीसी को अलग कॉलम में शामिल करने की उठी मांग

(आज समाचार सेवा)

पटना। सामाजिक न्याय, सही जातिगत आंकड़ों एवं पिछड़े वर्ग की पहचान सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार से पहल की मांग को लेकर पटना में डब्लू आई पी एवं अन्य सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, बुद्धिजीवियों और जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।

इसमें वक्ता के रूप में धमेन्द्र कुमार, चंद्रमोहन पटेल, पूर्व एमएलसी बाल्मीकि सिंह, जदयू के पूर्व प्रवक्ता निहोरा यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बराह पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार एवं संचालन अनिल पटेल ने किया। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार से मांग किया है कि आगामी जाति गणना 2027 की प्रश्नावली के कॉलम संख्या दस की समीक्षा कर उसमें एसईबीसी के लिए एक अलग और स्पष्ट श्रेणी शामिल किया जाएं, जिससे संबंधित वर्गो की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन हो सकें।

सीयूएसबी में 2 नवंबर को होगा विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

पटना. दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में 2 नवंबर 2026 को 'विकसित भारत युवा संसद 2027' का आयोजन किया जाएगा। 'मेरा युवा भारत, गयाजी' के सहयोग से होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक सहभागिता, नेतृत्व क्षमता और नीतिगत समझ विकसित करना है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने युवा संसद के प्रचार पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला युवा अधिकारी पवन कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

एएन कॉलेज में हड़प्पा सभ्यता पर 26वां स्मृति व्याख्यान

पटना (आससे)। एएन कॉलेज में शुक्रवार को 26वें एसएन सिन्हा स्मृति व्याख्यान का आयोजन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के सहयोग से किया गया। इसमें पुर्तगाल के लुसोफोन विश्वविद्यालय के इतिहासकार प्रो. जोस कार्लोस रिबेरो डुआर्ते ने हड़प्पा सभ्यता के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने हड़प्पाई भाषा, लिपि, धार्मिक परंपराओं और वैदिक संस्कृति से संभावित संबंधों पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के उप महानिदेशक राजेश रंजन और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी स्वाधा रिजवी उपस्थित रहीं। कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह व्याख्यान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा के शैक्षणिक योगदान को स्मरण करने का माध्यम है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. शैलेश कुमार सिंह ने व्याख्यानमाला की उपलब्धियों की जानकारी दी। इसमें शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए।



संक्षिप्त समाचार

जेडी वीमेंस कॉलेज में डीएमआई की ओर से करियर काउंसलिंग कार्यक्रम

पटना (आससे)। जेडी वीमेंस कॉलेज में शुक्रवार को डेवलपमेंट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (डीएमआई), बिहार की ओर से करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को स्नातक के बाद प्रबंधन पाठ्यक्रमों और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। डीएमआई की टीम ने बताया कि संस्थान में नामांकन लेकर आठ लाख रुपये तक के वेतन पैकेज वाली नौकरी प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मंजरी नाथ ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक हैं। डॉ. हीना रानी ने बताया कि पूर्व में भी कई छात्राओं का चयन हुआ है। प्राचार्या ने छात्राओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में राहुल कुमार, जूनेद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल दिवाली संस्करण शुरू

पटना (आससे)। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का दिवाली संस्करण 28 अक्टूबर से शुरू हो गया है। इसमें ग्राहकों को स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और घरेलू सामानों पर आकर्षक छूट मिल रही है। एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड और ईएमआई पर 10 प्रतिशत तत्काल छूट मिलेगी। प्राइम सदस्यों को चुनिंदा उत्पादों पर 250 रुपये तक अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा। मोबाइल पर 40 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स पर 80 प्रतिशत और घरेलू जरूरतों के सामान पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

छोटे शहरों में बढ़ा ऑनलाइन दोपहिया वाहनों का क्रेज

पटना (आससे)। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में छह गुना बढ़ी है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक खरीदारी गैर-महानगरीय शहरों से हुई। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री आठ गुना, कम्यूटर बाइक की 13.5 गुना और प्रीमियम मोटरसाइकिल की बिक्री 2.5 गुना बढ़ी। चेतक, एम्पीयर, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज जैसे ब्रांड ग्राहकों की पसंद बने। अमेजन के अनुसार, ऑनलाइन खरीदारी में छोटे शहरों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

प्रतीक सहजपाल को पसंद आया इंडियन गेम शो का अनोखा अंदाज

पटना (आससे)। प्रतीक सहजपाल हाल ही में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कार्यक्रम 'इंडियन गेम शो विद भारती एंड हर्ष' में नजर आए। उन्होंने शो के अनोखे अंदाज की सराहना करते हुए कहा कि इसमें जीत से ज्यादा मस्ती और मनोरंजन को महत्व दिया जाता है। हारने वाले प्रतिभागियों को भी खास तवज्जो मिलती है। प्रतीक ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के साथ शूटिंग के अनुभव को शानदार बताया। यह कार्यक्रम सोमवार से शुक्रवार रात आठ बजे प्रसारित होता है।

माइक्रोफाइनेंस ऋण की किस्त चुकाना हुआ आसान

पटना (आससे)। एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड ने नाबार्ड फाइनेंशियल सर्विसेज को भारत कनेक्ट के ऋण भुगतान नेटवर्क से जोड़ दिया है। इससे कंपनी के ग्राहक अब डिजिटल माध्यमों और एजेंट केंद्रों के जरिए मासिक किस्तों तथा बकाया राशि का भुगतान कर सकेंगे। देशभर में एक हजार से अधिक बैंकिंग एवं भुगतान ऐप और आठ लाख से अधिक एजेंट केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। इस पहल से 19 राज्यों में कंपनी के एक लाख से अधिक ग्राहकों को लाभ मिलेगा।

डीएचएल की दिवाली पेशकश, शिपमेंट पर 60 प्रतिशत तक छूट

पटना (आससे)। डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया ने दिवाली के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट की घोषणा की है। इसके तहत 14 नवंबर 2026 तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू शिपमेंट पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। ग्राहक उपहार, मिठाइयां और त्योहार की शुभकामनाएं भेजने के लिए कंपनी की वेबसाइट या सेवा केंद्र पर 'फेस्टिवल 60' प्रोमोशन कोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य देश-विदेश में अपनों तक त्योहार की खुशियां पहुंचाना आसान बनाना है।

रिलायंस का तिमाही मुनाफा रिकॉर्ड 29,550 करोड़, जियो और ऑयल-केमिकल कारोबार ने दी रफ्तार

मुंबई (आससे)। वैश्विक ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सितंबर तिमाही में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया है। जियो प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती कमाई और ऑयल-केमिकल कारोबार के रिकॉर्ड प्रदर्शन ने कंपनी के नतीजों को मजबूती दी। रिलायंस का कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 33.8 फीसदी बढ़कर 29,550 करोड़ पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक तिमाही मुनाफा है। कंपनी का ग्रॉस रेवेन्यू भी 27.8 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 3,62,268 करोड़ हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रिलायंस का कुल शुद्ध मुनाफा पहली बार 50 हजार करोड़ के पार पहुंचा है। रिलायंस के इस प्रदर्शन में उसके ऑयल-केमिकल (ओडब्लूसी) कारोबार की बड़ी भूमिका रही। इस कारोबार का ईबीआईटीडीए पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 67.9 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 25,203 करोड़ पहुंच गया। ओडब्लूसी कारोबार का रेवेन्यू भी 44.2 फीसदी बढ़कर 2,31,601 करोड़ हो गया। परिवहन ईंधन के रिफाइनिंग मार्जिन में तेज बढ़ोतरी और पॉलिएस्टर कारोबार के मार्जिन का तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचना इस प्रदर्शन की प्रमुख वजहों में रहा।

आदित्य बिड़ला कैपिटल ने किया गोल्ड लोन कारोबार में प्रवेश

पटना (निप्र)। भारत की प्रमुख विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के एनबीएफसी कारोबार ने आज मधुबनी में समर्पित शाखा शुरू करने की घोषणा की। यह शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार है और ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित तथा सुविधाजनक तरीके से संगठित स्वर्ण-आधारित ऋण उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।बिहार संगठित गोल्ड लोन कारोबार के लिए उच्च संभावनाओं वाले बाजार के रूप में उभर रहा है। राज्य की बड़ी आबादी, बढ़ता वित्तीय समावेशन, संगठित गोल्ड लोन प्रदाताओं की अपेक्षाकृत कम पहुंच और औपचारिक सुरक्षित ऋण की बढ़ती मांग संगठित ऋणदाताओं के लिए व्यापक अवसर प्रदान करती है। मिथिला क्षेत्र के प्रमुख शहरी एवं व्यावसायिक केंद्र के रूप में मधुबनी आसपास के अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को भी सेवाएं प्रदान करता है।

रणबीर कपूर ने साझा की बचपन की दिवाली की यादें

पटना। अभिनेता रणबीर कपूर ने क्विज आधारित कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' के दिवाली विशेष एपिसोड में बचपन की यादें साझा कीं। अमिताभ बच्चन द्वारा संचालित कार्यक्रम में उन्होंने कपूर परिवार की दिवाली परंपराओं का जिक्र किया। रणबीर ने बताया कि त्योहार की शुरुआत आरके स्टूडियो में लक्ष्मी पूजा से होती थी। इसके बाद वे दादी कृष्णा राज कपूर से मिलने जाते थे, जहां उन्हें मिठाइयां और पैसे मिलते थे। घर लौटकर पूजा, पटाखे और पारिवारिक भोजन के साथ दिवाली मनाई जाती थी।

मां की सलाह पर रोहित शर्मा ने चुनी थी 45 नंबर की जर्सी

पटना (आससे)। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने अपने आइकॉनिक जर्सी नंबर 45 के पीछे की कहानी साझा की। 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्होंने 19 नंबर चुना था, लेकिन यह नंबर राहुल द्रविड़ के पास था। इसके बाद उन्होंने मां से सलाह ली। उनकी मां ने 45 नंबर चुनने का सुझाव दिया। रोहित को भी 4 और 5 का साथ पसंद आया और उन्होंने इसे अपनी पहचान बना लिया। यह कार्यक्रम शनिवार और रविवार रात 9.30 बजे प्रसारित होता है।

वोट बचाओ, देश बचाओ रैली में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए लालू-तेजस्वी

पटना। इंडिया गठबंधन की ओर से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ रैली में शामिल होने के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव शुक्रवार को पटना से दिल्ली रवाना हो गए। रैली में राजद के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधान पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता पर संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने और नागरिकों के मताधिकार को छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से साढ़े 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने से लोगों में आक्रोश है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर भाजपा और एनडीए को राजनीतिक लाभ पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आयोजित यह रैली देशव्यापी अभियान को मजबूती देगी। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बिहार सहित देशभर से इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे।

पटना वीमेंस कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मनोविज्ञान सम्मेलन आयोजित

पटना। पटना वीमेंस कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग और न्यूरो एवं बायोफीडबैक सोसाइटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 29 से 31 अक्टूबर तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी मुख्य अतिथि रहे। जर्मनी के डॉ. रुडिगर शेलनबर्ग सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में न्यूरो एवं बायोफीडबैक चिकित्सा, अकेलेपन के तंत्रिका-जैविक आधार तथा न्यायिक मनोविज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और नई तकनीकों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी। सम्मेलन ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में शोध, अनुभव और ज्ञान साझा करने का अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया।

सीयूएसबी में स्वच्छता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

पटना. दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत 'स्वच्छ भारत - हमारा मौलिक कर्तव्य' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शनिवार, 31 अक्टूबर 2026

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, निर्णय लाभप्रद, मानसिक शांति, परोपकार में रुचि, यात्रा सार्थक।
वृषभ- आरोग्य सुख, व्यवसायिक प्रगति, स्थान परिवर्तन, आमोद-प्रमोद, लाभ का सुयोग।
मिथुन- आत्मबल में वृद्धि, जनकल्याण में रुचि, आपसी सौहार्द, यात्रा का प्रसंग, धर्म में आस्था।
कर्क- व्यवसाय में असफलता, अड़चनें, अशांति, मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।
सिंह- अनुकूल घटनाएं घटित, योजनापूर्ति, आत्मिक शांति, वैवाहिक सुख, धर्म में आस्था।
कन्या- मन प्रसन्न, आर्थिक सुधार, महत्वपूर्ण उपलब्धि, शैक्षिक सफलता, मौजमस्ती में व्यय।
तुला- अभिलाषा की पूर्ति, परेशानियाँ कम, परोपकार की प्रवृत्ति, सम्बन्ध अनुकूल, सौहार्द।
वृश्चिक- मानसिक कष्ट, कार्यों में बाधा, विचारों में उग्रता, अनावश्यक खर्च, विश्वासघात।
धनु- वातावरण मनोनुकूल, जीवन सुखमय, आत्मिक शांति, इच्छा की पूर्ति, यात्रा संतोषजनक।
मकर- निराशा का समापन, हर्षोल्लास, मनोविनोद के अवसर, बुद्धि का विकास, धनलाभ।
कुम्भ- पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, दाम्पत्य सुख, शत्रु परास्त, धन संचय, यात्रा संतोषजनक।
मीन- योजना अधूरी, आर्थिक असंतोष, अनावश्यक खर्च, विरोधियों प्रभावी, राजकीय उलझने।

आज है जिनका जन्मदिन 31 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 31 का मूलांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यवधान आपके जीवन का प्रमुख अंग होगा। जीवन उथल-पुथल से परिपूर्ण रहेगा। किसी भी कार्य को नये एवं रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। जीवन में अनेकों बार परिवर्तन करने पड़ेंगे। किसी भी गलत कार्य या बात के प्रबल विरोधी होंगे। उग्रता की स्थिति में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे और स्वयं का ही नुकसान कर लेंगे। छोटी-छोटी समस्याओं को अधिक महत्व नहीं देंगे। अपना कार्य करने के लिए दूसरों को भी हानि पहुँचाने से पीछे नहीं हटेंगे। कोई भी आपके मन की बात नहीं जान पायेगा। भोग-विलासिता व मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। इष्ट देवी-देवता की अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में चित्र विचित्र रंगों का प्रयोग अधिकतम करें। काले रंग की वस्तुओं का दान भी करें। अपनी परम्परा के अनुसार धर्म का पालन अवश्य करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। गो सेवा नित्य करें। सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 4, 13, 22, 31
अंक : 1, 2, 7
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
जन्मरत्न : गोमेद उपरत्न : काला अकीक
जड़ी : सफेद चन्दन की जड़ दिशा : आग्नेय

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

सुडोकू ५०००

			5		8			
				7	6			
	1							3
			4					9
6		5		1				
8								
						8	6	
						7		
	4			2				

हल ४०९९

7	3	6	8	2	9	5	1	4
8	2	4	1	5	7	9	6	3
9	5	1	6	4	3	2	8	7
2	4	8	5	7	1	6	3	9
1	6	3	9	8	4	7	5	2
5	9	7	3	6	2	1	4	8
6	7	5	2	3	8	4	9	1
3	1	2	4	9	5	8	7	6
4	8	9	7	1	6	3	2	5